प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में युवाओं को नशा परोस रहे ड्रग माफिया को यहां से भागना होगा और इसकी शुरूआत हो चुकी है। राज्यपाल आज चंबा ज़िला की मैहला पंचायत में नशा उन्मूलन को लेकर स्कूली बच्चों की जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि एक ओर जहां नशाखोरी के खिलाफ प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चल रहा है वहीं दूसरी ओर सरकार, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयं सेवी संस्थाएं भी इस कार्य में जोरशोर से जुटी हुई है।

राज्यपाल ने मैहला में डॉ. वाई.एस परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा आयोजित किसान मेले में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर राज्यपाल ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके जल्द अच्छे परिणाम आएंगे।

मुख्यमंत्री

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में बीते रोज हुए आतंकी हमले के बाद प्रदेश की सीमाओं पर अलर्ट जारी किया गया है और सुरक्षा बलों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इस हमले के विरोध में आज प्रदेशभर में भाजपा और हिंदु संगठनों ने ज़िला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस आतंकी हमले की निंदा की है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है और कहा है कि ये कायराना आतंकी हमला मानवता पर सीधा प्रहार है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकियों ने ये हमला कर जम्मू–कश्मीर की ही नहीं बल्कि पूरे देश की शांति व्यवस्था को चुनौती दी है, जिसका पूरा देश एकजुट होकर जवाब देगा। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना भी जताई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस कृत्य के लिए किसी भी आतंकी को नहीं बख्शा जाना चाहिए।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया है ताकि प्रदेश के लोगों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सके। मुख्यमंत्री आज शिमला में उनसे मिलने आए एच.ए.एस अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है और एच.ए.एस. अधिकारी इस दिशा में

महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने और इन योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अनिरूद्ध

हिमाचल प्रदेश ग्रामीण विकास विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे के निपटान के लिए वेस्ट वॉरियर्स सोसायटी के साथ आज शिमला में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने इस मौके पर कहा कि इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन में मदद मिलेगी। उन्होंने ये भी कहा कि ये साझेदारी प्रदेश में स्वच्छ और स्वस्थ गांवों के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसी संबंध में विभाग ने अंबुजा, अल्ट्राटैक और हीलिंग हिमाचल फाउंडेशन के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

अनिरूद्ध सिंह ने बाद में विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार को 7 सौ 50 नई पंचायतें गठित करने के प्रस्ताव मिले हैं जिन पर नियम और शर्तों तथा बजट के अनुसार फैसला लिया जाएगा।